हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 02 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 22 जनवरी से 28 जनवरी 2021

## हे प्रभु !

बिना सेहत के जीवन जीवन नहीं है; बस पीड़ा की एक स्थिति है- मौत की छवि है.

– अज्ञात

## अनमोल विचार

ब्रह्मांड की सभी सार्थक शक्तियां तभी तुम्हारे साथ हो सकती है जब तुम मन, हृदय और वचन से स्वछ्छ हो।

– अज्ञात

## नजरिया


क्रोध को पाले रखना गर्म कोयले को किसी और पर फेंकने की नीयत से पकड़े रहने के सामान है; इसमें आप ही जलते हैं.

–संपादक

# सरकार ने कृषि कानूनों को निलंबित करने का दिया प्रस्ताव

## 22 जनवरी को जवाब देंगे किसान

**नई दिल्ली.** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों और सरकार के बीच 10वें दौर की बातचीत बुधवार को विज्ञान भवन में हुई. बैठक के बाद किसानों ने बताया कि सरकार ने कहा कि वह डेढ़ साल के लिए कानूनों को स्थगित कर सकती है. इसके जवाब में किसानों ने कहा है कि कानूनों को स्थगित करने का कोई मतलब नहीं है और उन्होंने यह भी साफ किया कि वह चाहते हैं कि सरकार कानूनों को वापस ले. किसानों और सरकार के बीच अगले दौर की बैठक 22 जनवरी को होगी.



किसानों ने बताया कि सरकार ने कहा है कि हम कोर्ट में एफिडेविट देकर कानून को 1.5-2 साल तक होल्ड पर रख सकते हैं. कमेटी बनाकर चर्चा करके, कमेटी जो रिपोर्ट देगी, हम उसको लागू करेंगे. किसान नेताओं ने कहा हम 500 किसान संगठन हैं, कल हम सबसे चर्चा करके 22 जनवरी को अपना जवाब देंगे. किसान संगठन के नेता ने कहा सरकार ने दोनों पक्षों की सहमति से एक निश्चित समय के लिए तीनों कृषि कानूनों को निलंबित करने और एक समिति के गठन के लिए उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर करने का प्रस्ताव दिया है

ऑल इंडिया किसान सभा के महासचिव हन्नन मुल्ला ने कहा ने कहा कि सरकार ने कहा है कि एमएसपी पर कमेटी का गठन किया जाएगा और कानूनों को कमेटी के सुझावों के आधार पर लागू किया जाएगा. मुल्ला ने कहा कि हमने सरकार से किसानों के खिलाफ एनआईए द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मामलों को वापस लेने की मांग की है. जवाब में सरकार ने कहा कि वह इस मामले को देख रहे हैं .



# CM नीतीश पर चिराग का नया हमला

मुजफ्फरपुर: लोकजनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर नया हमला बोला है। पिछले दिनों भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष रोनोजीत उर्फ जॉन पासवान की चाकू से गोदकर हत्या के बाद उनके परिवारीजनों को ढांढस बंधाने मुजफ्फरपुर पहुंचे चिराग ने सीएम नीतीश को बिहार में बढ़ते अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही हत्याओं, लूट और रेप जैसी घटनाओं के लिए खुद सीएम जिम्मेदार हैं। एक के बाद एक वारदातें हो रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आपत्तिजनक महिला की फोटो शोशल मीडिया पर वायरल करने वाले दो आरोपि गिरफ्तार

**वसई ।** बोईसर पुलिस ने एक महिला की फोटो अपत्ती जनक फोटो वायरल करने वाले दो आरोपियों को बोईसर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से गिरफ्तार करके दोनों आरोपीयो को पालघर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम ब्रजेश कुमार गौतम (39) विकास कुमार (18) है। कर दिया था जिसके बाद पीड़ित महिला बोईसर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी।

ICON OPTICAL GALLERY



★ Buy 2 Prs of prescription Antireflection glasses of Rs 1600/- and get 2 frames free......

★ Buy 2 Prs of Blue Cut Antireflection prescription glasses of Rs 1899/- and get 2 frames free......

★ Buy 1 Frame or Sunglass & get 1 Frame or Sunglass free Rs 1000/- onwards......

★ Branded Frames, Sunglasses & Glasses available with discount.

★ We make any Single Vision, Bifocal and Progressive prescription Glasses in 1 or 2 hrs.

9819292152
murtaza12152@yahoo.com

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

Begin your Journey to a Better Life
With Peace, Love, & Happiness

YOGA



YOGA classes available | Session 5 days a week

Offline & Online

FREE TRIAL CLASS

C- 505, Badri bldg, Mathuradas road, Kandivali (W), Mumbai- 400067.

YOGA BY ZAINAB 70213 01200

# मुंबई लोकल ट्रेन से पति ने पत्नी को दिया धक्का, महिला की मौत शादी




**वसई ।** माणिकपुर पुलिस लगभग एक सप्ताह के अथक प्रयास से रामकिसुन यादव नामक अपराधी को उसके मूल निवास बिहार से गिरफ्तार किया।वसई उप विभागीयपुलिस अधिकारी डॉ.अश्विनी पाटिल के दिशानिर्देश पर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कांबले ने इस फरार अपराधी को पकड़ने हेतु विशेष टीम गठित की,जिसने बिहार के गया जिला स्थित सेमरा गांव से उसे पकड़ने में सफलता पाई।जानकारी के अनुसार माणिकपुर स्थित एक शराब की दुकान पर मामूली तकरार के चलते रामकिसुन ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया।इस कांड के पश्चात जैसे ही अपराधी फरार हुआ, लगे हाथ माणिकपुर पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।तहकीकात में पाया गया कि रामकिसुन एक पेशेवर अपराधी है,

काशीमिरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रामकिसुन पर कई मामले लंबित हैंअधिनियम 1956 कलम 3,4,5 और पोस्को एक्ट 18 के अंतर्गत मामला दर्ज बताया गया .है।

फिलहाल माणिकपुर पुलिस ने रामकिसुन को बिहार से गिरफ्तार करके वसई ले आई,जहाँ उसने पुलिस की पूछताछ में हत्या का गुन्हा कबूल लिया है,आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

## कोरोना का खतरा अभी टला नहीं

# सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी



**कोरबा:** कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही कम हो गई है, लेकिन सुरक्षा के प्रति लापरवाही घातक साबित हो सकता है। खतरा अभी नहीं टला है। अभी भी जिले में 778 पाजिटिव मरीज शेष हैं। सुरक्षा के प्रति लोगों को जिला प्रशासन की ओर जागरूक किया जा रहा है।जिले में रोजाना औसत कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आ रही है। अभी तक कुल पाजिटिव मरीजों में से 94 प्रतिशत मरीज कोरोना संक्रमण से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सजगता और गंभीरता पूर्वक काम करने से नए मरीजों की संख्या में कमी आई है। जिले में कोरोना संक्रमित मरीज भी तेजी से और अधिक संख्या में ठीक हो रहे हैं। अभी तक कुल 15 हजार 239 मरीज पूरी तरह कोरोना से संक्रमण मुक्त होकर घर लौट चुके हैं। जिले में अभी तक कुल 16 हजार 182 कोरोना मरीज पाए गए हैं। वर्तमान में कुल 778 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक मिले पाजिटिव मरीजों और अस्पतालों में इलाज के बाद ठीक हुए मरीजों के हिसाब से करतला विकासखण्ड में रिकवरी रेट जिले में सबसे अधिक है। करतला में अब तक एक हजार 425 कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है, जिनमें से एक हजार 374 मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं तथा 41 सक्रिय मरीज है।

पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में बीते दिन तक 488 कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है जिनमें से अभी तक इलाज के बाद 450 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा चुके हैं तथा 34 सक्रिय मरीज है।

## चार मृत बच्चों के बाद पांचवें बच्चे की भी जलने से मौत, भानारकर दंपति की दुख भरी कहानी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले के सरकारी अस्पताल में आग लगने से दस बच्चों की मौत के इस असहनीय दर्द भूल पाना उन पीड़ित परिवारों के लिए असंभव है जिन्होंनें अपने कलेजे के टुकड़ों को अभी जी भर कर देखा भी नहीं था। इस दर्दनाक घटना में अपनी बच्ची को खो चुके एक पिता ने अपन दुख साझा किया पीड़ित दंपति हीरालाल और हिरकन्या भानारकर की शादी 14 साल पहले हुई थी। तब से दोनों अपने एक बच्चे का सपना देख रहे थे।

हालांकि, चार बार गर्भवती होने के बावजूद हिरकन्या कभी जीवित बच्चे को जन्म नहीं दे सकी। चार बच्चों की मौत का गम सहते हुए हिरकन्या 39 साल की उम्र में पांचवीं बार गर्भवती हुई। उन्होंने तय किया था कि इस साल कुछ भी करके उनके बच्चे को जीवित रहना होगा। हालत खराब होने पर हिरकन्या का निजी अस्पताल में इलाज किया गया, जो महंगी दवाएं ले रही थी। बीती 6 जनवरी को, हिरकन्या ने साकोली उप-जिला अस्पताल में एक प्यारी सी बच्ची को जन्म दिया। पहली बार जीवित बच्चे को जन्म देने पर हर कोई खुश था। लेकिन जिस लड़की का जन्म हुआ उसका वजन मात्र 1 किलो था।

## छत्तीसगढ़ में 80.37 लाख टन धान की खरीदी



**छत्तीसगढ़:** प्रदेश में अब तक 80 लाख 37 हजार 473 धान की खरीदी की गई है। राज्य के 18 लाख 93 हजार 436 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा। राज्य के मिलरों को 27 लाख 34 हजार 188 टन धान का डीओ. जारी किया गया है।मिलरों ने अब तक 24 लाख 40 हजार 154 टन धान का उठाव कर लिया है। बस्तर जिले में एक लाख 11 हजार 764 टन धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 53 हजार 327 टन, दंतेवाड़ा जिले में 12 हजार 553 टन, कांकेर जिले में दो लाख 50 हजार 864 टन, कोंडागांव जिले में एक लाख 18 हजार 692 टन, नारायणपुर जिले में 16 हजार 419 टन, सुकमा जिले में 31 हजार 797 टन, बिलासपुर जिले में चार लाख 14 हजार 879 टन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 61 हजार 124 टन, जांजगीर-चांपा जिले में सात लाख 49 हजार 610 टन, कोरबा जिले में एक लाख 8 हजार 18 टन, मुंगेली जिले में तीन लाख 31 हजार 827 टन खरीदी की गई है। कवर्धा जिले में तीन लाख 75 हजार 702 टन, राजनांदगांव जिले में छह लाख 69 हजार 636 टन, बलौदाबाजार जिले में पांच लाख 67 हजार 285 टन, धमतरी जिले में तीन लाख 88 हजार 966 टन, गरियाबंद गई है।

## संपादकीय

# तांडव पर तांडव



संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

*वेब सीरीज तांडव के निर्देशक और इसकी पूरी टीम ने उन दर्शकों से माफी मांग ली है, जिनकी भावनाएं इसके कुछ दृश्यों से आहत हुई हैं। आरोप है, इसमें हिंदू देवताओं का उपहास उड़ाया गया है। बहरहाल, इस माफी के बाद अब विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए। लेकिन वेब धारावाहिकों के नियमन पर भी गौर करने की जरूरत है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी फिल्म या धारावाहिक को लेकर हंगामा खड़ा हुआ हो और सियासी लोग इसमें उतर आए हों। हम गारंटी के साथ यह भी नहीं कह सकते कि तांडव विवाद के निपटारे के बाद कोई और बखेड़ा खड़ा नहीं होगा। आखिर करोड़ों भारतीयों की भावनाएं किसी के सृजन कर्म से आहत न होंगी, इसकी गारंटी कोई सेंसर बोर्ड या नियामक संस्था कैसे दे सकती है? तब तो और, जब भारत विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषा-भाषियों का एक विराट समुच्चय है?*

*सोशल मीडिया के इस दौर में किसी भी विवाद को व्यापक बनते देर नहीं लगती। ऐसे में, शासन-प्रशासन ही नहीं, कला-संस्कृति से जुडे.लोगों के लिए भी चुनौतियां काफी बढ़ती जा रही हैं। खासकर, धार्मिक विषयों और प्रतीकों के इस्तेमाल को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। इन दिनों विवादों से कमाई की प्रवृत्ति धार्मिक उदारता का फायदा उठाने को उकसाने लगी है, लेकिन इससे अहित ईमानदार कलाकारों व कला प्रेमियों का हो रहा है। उनकी रचनाधर्मिता भी निशाने पर आ जाती है। यह अच्छी बात है कि तांडव के विवाद में सूचना-प्रसारण मंत्रालय तुरंत हरकत में आ गया। वेब सीरीज को लेकर शिकायतें तो पहले भी मिलती रही हैं, मगर वे हिंसा और अश्लीलता परोसने को लेकर थीं। उन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए ही मंत्रालय ने हिदायत दी थी कि ओवर द टॉप मीडिया सर्विसेज यानी ओटीटी प्लेटफॉर्म स्व-नियमन के कायदे बनाएं, वरना सरकार यह काम करेगी। निस्संदेह, अभिव्यक्ति की आजादी एक बड़ा लोकतांत्रिक मूल्य है,*

# अमेरिका में भरोसे की नई भोर

*पिछले चार वर्षों में इट हाउस ने ह्यजवाबदेही-मुक्त क्षेत्रह्न के रूप में काम किया है। बाइडन ने स्पष्ट कहा है कि उनकी सरकार में वह हर तरह से जवाबदेह बनेगा। नए प्रशासन से उम्मीद इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि विभिन्न विभागों व एजेंसियों के शीर्ष पदों को भरने में विविधता, विषय-वस्तु की विशेषज्ञता और क्षमता का पूरा ख्याल रखा गया है।*



अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन का शपथ लेना इसके इतिहास के एक सबसे दुखद और काले अध्याय का अंत होने के साथ ही उम्मीद व भरोसे से भरे एक नए युग की शुरूआत भी है। पूर्व उप-राष्ट्रपति और पूर्व सीनेटर बाइडन के राष्ट्रपति पद संभालते ही न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया में एक नई सुबह तय है। बतौर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रवृत्ति किस कदर विनाशकारी रही, इसे देश-दुनिया के तमाम मीडिया ने बताया ही है। ह्वाइट हाउस में बिताए गए उनके चार वर्षों में कई बडे. रद्दोबदल हुए। मसलन, नस्ल संबंधी मसलों के खिलाफ अमेरिका ने जो लाभ कमाया था, ट्रंप ने उनमें से ज्यादातर को गंवा दिया। आप्रवासन को उन्होंने जमकर हतोत्साहित किया, जबकि गैर-यूरोपीय देशों से आए लोगों ने ही अमेरिका का निर्माण किया है। पर्यावरण से जुड़े सौ से अधिक प्रावधान उन्होंने वापस लिए। मीडिया सहित देश के तमाम संस्थानों को उन्होंने लगातार निशाना बनाया। और तो और, पेरिस समझौते, विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक संधियों-संस्थाओं से उन्होंने अमेरिका को निकाल बाहर किया, और विश्व नेता की उसकी छवि खंडित करके रूस व चीन जैसे देशों को उस शून्य को भरने दिया।

स्थिति यह थी कि ओवल ऑफिस से विदा होते हुए भी ट्रंप ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नतीजों को स्वीकार नहीं किया। अपने पूर्ववर्तियों के विपरीत, शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता सौंपने के बजाय उन्होंने अपने समर्थकों को बगावत के लिए उकसाया। संक्षेप में कहें, तो अमेरिका में अलगाव की लकीर को गहरा करके उन्होंने अपना पद छोड़ा है।

विभिन्न मुद्दों को निपटाने और समस्याओं के समाधान के मामले में भी ट्रंप अमेरिका के अक्षम राष्ट्रपतियों में गिने जाएंगे। कोविड-19 से निपटने का ही मामला लें, तो इस देश के पास सबसे बड़ा और अत्याधुनिक स्वास्थ्य ढांचा है। इसे तो अन्य राष्ट्रों के मुकाबले बेहतर तरीके से इस महामारी से लड़ना चाहिए था। मगर कोरोना के कुल वैश्विक मामलों में 25 फीसदी से अधिक यहीं दर्ज किए गए और कुल मौतों में भी 20 फीसदी से अधिक मौतें यहीं हुईं, जबकि यहां वैश्विक आबादी का महज पांच फीसदी हिस्सा ही बसता है। सुखद है कि अब अमेरिका की कमान एक ऐसे नेता के हाथों में है, जो देश को इन तमाम मुश्किलों से बाहर निकालने में सक्षम हैं। अपने चुनाव अभियान में बाइडन ने मतदाताओं से वायदा भी किया था कि वह सिर्फ अपने समर्थकों के मुखिया के रूप में नहीं, पूरे राष्ट्र के राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। जीत के बाद उनके यही शब्द थे कि वह समाज में बढ़ती अलगाव की भावना को कम करने का प्रयास करेंगे। इतना ही नहीं, सुकून की बात यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में एक ऐसे इंसान ने सत्ता संभाली है, जो अमेरिकी संस्थानों में विश्वास रखता है, फिर चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका हो या फिर मीडिया। तथाकथित ह्यकंजर्वेटिवह्न राष्ट्रपतियों के विपरीत, बाइडन तमाम परंपराओं का सम्मान करते रहे हैं। पिछले चार वर्षों में इट हाउस ने ह्यजवाबदेही-मुक्त क्षेत्रह्न के रूप में काम किया है। बाइडन ने स्पष्ट कहा है कि उनकी सरकार में वह हर तरह से जवाबदेह बनेगा। नए प्रशासन से उम्मीद इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि विभिन्न विभागों व एजेंसियों के शीर्ष पदों को भरने में विविधता, विषय-वस्तु की विशेषज्ञता और क्षमता का पूरा ख्याल रखा गया है। माना जा रहा है कि नया प्रशासन जिम्मेदारी संभालते ही कोरोना वायरस सुधार पैकेज तो जारी करेगा ही, ऐसे कई आदेश भी पारित करेगा, जो ट्रंप के कई विवादित फैसलों को पलट देगा। पेरिस जलवायु समझौते में फिर से शामिल होने, विश्व स्वास्थ्य संगठन का हिस्सा बनने और मुस्लिम देशों पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों को रद्द करने जैसे कदम इनमें प्रमुखता से शामिल हो सकते हैं। नई सरकार कोरोना वायरस को लेकर भी कई नियम बना सकती है। जैसे मास्क पहनना अनिवार्य बनाया जा सकता है, कोविड जांच का दायरा बढ़ाया जा सकता है, और किराया व देनदारी आदि भुगतान न कर सकने वाले लोगों की बेदखली रोकी जा सकती है। बाइडन प्रशासन कोविड-19 से युद्धस्तर पर निपटने के लिए तैयार दिख रहा है, जिसकी तस्दीक इस बात से भी होती है कि नए राष्ट्रपति सत्तासीन होने से पहले ही विशेषज्ञ व वैज्ञानिकों के संपर्क में थे।

इसी तरह, घरेलू व विदेश नीति, और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी टीमों के गठन में भी अनुभव और प्रतिभा को तवज्जो दी गई है। बाइडन अमेरिका को फिर से विश्व नेता बनाने के लिए तैयार दिख रहे हैं।

यह वह हैसियत है, जिसको अमेरिका एक सदी से भी अधिक समय तक जीता रहा है। अपने नाटो सहयोगियों के साथ संबंध सुधारने, और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऐसी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए यह तत्पर दिख रहा है, जो दुनिया के सभी देशों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। निस्संदेह, बाइडन प्रशासन वैश्विक राजनीति और नीतियों में भी हलचल पैदा करेगा। नए राष्ट्रपति ने कहा भी है कि ह्यअमेरिका इज बैकह्न, यानी अमेरिका लौट आया है, और हम एक बार फिर शीर्ष पर आएंगे। 32 साल पहले अपने विदाई भाषण में रिपब्लिकन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अमेरिका को ह्यशाइनिंग सिटी ऑन अ हिलह्न कहा था। खुशहाल अमेरिका की कल्पना करते इस मुहावरे का इस्तेमाल उन्होंने अपने आठ वर्षों के राष्ट्रपति काल म् लगातार किया। रोनाल्ड रीगन ने, जो तब सोवियत संघ के साथ शीत युद्ध में मुकाबिल थे, हमेशा अमेरिका को अच्छी ताकत के रूप में देखा था। विडंबना है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को फिर से महान बनाने का वायदा तो किया, पर अमेरिका के इस चरित्र को 1,461 दिनों में खत्म कर दिया।

## घर-संसार

# भगवान शिव के 6 रहस्यमयी एवं चमत्कारिक मंदिर



बिजली महादेव मंदिर : यह अनोखा मंदिर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्थित है कुल्लू शहर में ब्यास और पार्वती नदी के संगम स्थल के नजदीक एक पहाड़ पर शिव का यह प्राचीन मंदिर स्थित है। यहां हर 12 साल में एक बार शिवलिंग पर बिजली गिरती है। बिजली गिरने के बाद शिवलिंग चकनाचूर हो जाता है। मंदिर के पुजारी शिवलिंग के अंशों मक्खन में लपेट कर रख देते हैं। शिव के चमत्कार से वह फिर से ठोस बन जाता है। जैसे कुछ हुआ ही न हो।

निष्कलंक महादेव : यह मंदिर गुजरात के भावनगर में कोलियाक तट से 3 किलोमीटर अंदर अरब सागर में स्थित है। प्रतिदिन अरब सागर की लहरें यहां के शिवलिंग का जलाभिषेक करती है। ज्वारभाटा जब शांत हो जाता है तब लोग पैदल चलकर इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। ज्वार के समय सिर्फ मंदिर का ध्वज ही नजर आता है। कहते हैं कि यह मंदिर महाभारतकालीन है और जब युद्ध के बाद पांडवों को अपने ही कुल के लोगों को मारने का पछतावा था और वे इस पाप से छुटकारा पाना चाहते थे तब वे श्रीकृष्ण के पास गए। श्रीकृष्ण द्वारिका में रहते थे। श्रीकृष्ण ने उन्हें एक काली गाय और एक काला झंडा दिया और कहा कि तुम यह झंडा लेकर गाय के पीछे-पीछे चलना। जब झंडा और गाय दोनों सफेद हो जाए तो समझना की पाप से छुटकारा मिल गया। जहां यह चमत्कार हो वहीं पर शिव की तपस्या करना। कई दिनों तक चलने के बाद पांडव इस समुद्र के पास पहुंचे और झंडा और गाय दोनों सफेद हो गया। तब उन्होंने वहां तपस्या की और भगवान शिव को प्रसन्न किया। पांचों पांडवों को शिवजी ने लिंग रूप में अलग अलग दर्शन दिए। वही पांचों शिवलिंग आज तक यहां विद्यमान हैं। पांडवों ने यहां अपने पापों से मुक्ति पाई थी इसीलिए इसे निष्कलंक महादेव मंदिर कहते हैं अचलेश्वर महादेव मंदिर : राजस्थान के धौलपुर में स्थित यह मंदिर दुर्गम जंगलों में स्थित है। कहते हैं कि इस मंदिर का शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है। प्रातः इस शिवलिंग का रंग लाल होता है। दोपहर में केसरिया और जैसे-जैसे शाम होती है इसका रंग सांवला हो जाता है। इस शिवलिंग की अनोखी बात यह है कि इस शिवलिंग का नीचे कोई छोर नहीं है।

# हाइवा चालकों से चाकू की नोक पर शराब के लिए रुपये की मांग



**बिलासपुर।** जांजगीर में बंद रेलवे फाटक के पास खड़ी हाइवा चालकों से अज्ञात युवकों ने शराब के लिए रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला कर दिया गया। हाइवा चालकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।पुलिस के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत अमोदा निवासी पांडेया यादव (29) पिता दिलसाय यादव एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में हाइवा चालक है। वह हाइवा क्रमांक सीजी 12 एस 3001 में हेल्पर राजेश करियारे के साथा तथा कंपनी की दूसरी गाड़ी ड्राइवर गंगा प्रसाद वाहन क्रमांक सीजी 07 सीबी 0518 हेल्फर प्रवीण 18 जनवरी को देवरहा क्रशर से वाहन में गिट्टी लोडकर नगरदा के लिए रवाना हुए थे। उमरेली रेलवे फाटक के पास पहुंचे तब फाटक बंद था। पुाटक बंद होने के चलते दोनों वाहन चालक हाइवा को फाटक के पास रोककर फाटक खुलने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान रात लगभग 3 बजे एक चारपहिया वाहन ट्रक से कुछ दूरी पर रुकी।

# महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 3081 नए मामले

## टीके के प्रतिकूल प्रभाव को कोई केस



**मुंबई :** महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3081 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1990759 हो गई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार इस महामारी से 50 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 50438 पर पहुंच गई है। विभाग ने बताया कि रविवार को कुल 2342 और लोगों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी गई जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 1886469 हो गई है। महाराष्ट्र में अभी 52,653 मरीजों का इलाज चल रहा है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने देशभर में टीकाकरण अभियान की शुरूआत के एक दिन बाद रविवार को कहा कि राज्य में कोविड-19 के टीके के प्रतिकूल प्रभाव का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है। टोपे ने ह्यपीटीआई-भाषा से बातचीत में यह विश्वास भी जताया कि सब कुछ सुरक्षित रहेगा।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि पहले दिन पूरे राज्य में 18425 लोगों को टीके लगाये गए। उन्होंने कहा, शनिवार को टीकाकरण के बाद टीके के प्रतिकूल प्रभाव का कोई मामला सामने नहीं आया है। सब कुछ सुरक्षित था, सुरक्षित रहेगा। महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को को-विन एप में कुछ समस्याओं के बाद राज्य में टीकाकरण अभियान को सोमवार तक स्थगित करने की घोषणा की थी।

# अपहरण-गैंग रेप और जानलेवा हमले का केस दर्ज, रात भर छात्रा



**इंदौरः** वर्षीय छात्रा की शिकायत पर देर रात परदेशीपुरा थाना पुलिस ने अपहरण, गैंग रेप,जानलेवा हमला और केरोसिन डालकर आग लगाने की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया। अक्षय नामक जिस युवक पर आरोप लगाया। उसे भी देर रात हिरासत में ले लिया। पुलिस और फोरेंसिक अफसर रातभर छात्रा के बयानों की तफ्तीश में जुटे रहें। जिस जगह से अपहरण होना बताया गया। वहां का दौरा किया। इसके बाद उस ट्रैक पर छानबीन की। जहां उसने फेंकना बताया था। परदेशीपुरा थाना टीआइ अशोक पाटीदार के मुताबिक छात्रा परदेशीपुरा क्षेत्र में रहती है। उसने कुछ समय पूर्व ही एक युवक से नोटरी पर प्रेम विवाह किया है।

# शहर में एक हजार से ज्यादा घरों में डेंगू लार्वा का सर्वे, 32 में पाया गया

**भोपाल।** शहर में डेंगू के लार्वा और मलेरिया को लेकर कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा रोकथाम के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों, अति संवेदनशील क्षेत्रों, स्लम एरिया और अन्य बस्तियों में डेंगू लार्वा, मलेरिया सर्वे के अलावा रेपिड टेस्ट, ब्लड स्लाइड कलेक्शन का काम अलग-अलग दलों द्वारा किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दल नियुक्त कर अभियान चलाया जा रहा है।भोपाल जिले में 909 लोगों की रेपिड टेस्ट से मलेरिया की जांच की गई। भोपाल शहर में 755 और बैरसिया में 96 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए नमूने लिए गए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा के लिए 29 टीमों का दल नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा अब तक 1061 घरों का सर्वे कर किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक 32 घरों में डेंगू लार्वा मिला।

इसके अलावा अलग-अलग जगहों पर 7 हजार से अधिक बर्तनों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें केवल 33 बर्तनों में लार्वा पाया गया। डेंगू के लार्वा को टेमोफॉस डाल कर नष्ट किया गया। एक ओर मरेलिया व डेंगू की रोकथाम






के लिए अभियान चलाया जा रहा है, तो दूसरी ओर नगर निगम द्वारा फॉगिंग में लापरवाही की जा रही है। नगर निगम के कॉल सेंटर व अधिकारियों को रोजाना फॉगिंग के लिए लगभग 40 शिकायतें मिल रही हैं। इसके बाद भी इन शिकायतों का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

कविता

# उसकी बात मानते तो वकील होते विवेकानंद

कविता




आज स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती है। प्रस्तुत है स्वामीजी के जीवन से जुड़ा एक रोचक संस्मरण। एकांत को दृष्टिगत रखते हुए नरेंद्र (विवेकानंद के बचपन का नाम) अपने नाना के घर पर अकेले रहकर पढ़ाई करते थे। एक शाम एक व्यक्ति आया और उसने नरेंद्र से कहा, द्यतत्काल घर चलो। तुम्हारे पिता का देहावसान हो गया है। नरेंद्र घर आते हैं। पिता का पार्थिव शरीर कमरे में रखा है।

मां और छोटे-छोटे भाई-बहन शोकमग्न हैं। इस दृश्य को नरेंद्र ने देखा। अगले दिन पिता का विधिवत अंतिम संस्कार किया।

नरेंद्र के पिताजी कलकत्ता के प्रसिद्ध वकीलों में से एक थे। उन्होंने धन भी यथेष्ट कमाया था, परंतु अधिकतर भाग परोपकार में लगा दिया

और भविष्य के लिए कुछ भी संचय नहीं किया था। मां भुवनेश्वरी देवी पर परिवार संभालने की जिम्मेदारी थी। परिवार विपन्नता के दौर से गुजर रहा था। कभी-कभी छोटे भाई बहनों के लिए भोजन की व्यवस्था जुटना भी मुश्किल था। बालक नरेंद्र गुप्त रूप से इसका पता लगा लेते थे और कई बार मां से कहते थे, मुझे आज एक मित्र के यहां भोजन करने जाना है। इस प्रकार विपन्नता में कई दिन बीत रहे थे।

रिश्तेदार बड़े क्रूर होते हैं। उन्होंने नरेंद्र के पैतृक मकान पर कोर्ट में दावा कर दिया। नरेंद्र ने केस की स्वयं पैरवी की और इस प्रकार के तर्क दिए कि वे केस जीत गए। विरोधी पक्ष के वकील ने इन्हें रोकना चाहा और कहा, द्यभद्र पुरुष तुम्हारे लिए वकालात उचित क्षेत्र रहेगा, परंतु नरेंद्र ने उनकी बात नहीं सुनी और कोर्ट से दौड़ते हुए अपनी मां के पास गए और कहा, द्यमां अपना घर रह गया है।

# पानी पीने से आंखों की थकान हो जाती है दूर



अगर शरीर में पानी की कमी हो जाती है तो डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। वहीं निर्जलीकरण के कारण आंखों में थकान और सूजन भी आ जाती है। ऐसे में कम से कम हमें 2 लीटर पानी नियमित रूप से पीना चाहिए। इससे आंखों की थकान को दूर करने में मदद मिलेगी।

बर्फ हर घर में पाई जाती है। अगर आप आंखों की सूजन से छुटकारा पाना चाहते हैं तो बर्फ आपके बेहद काम आ सकती है। आंखों पर बर्फ रखना एक अच्छा उपाय साबित हो सकता है। इससे ना केवल आंखों की ताजगी बनी रहती है बल्कि आप आंखों की थकान को भी दूर कर पाएंगे। ऐसे में बर्फ को आंखों पर तब तक रखें जब तक बर्फ पिघल ना जाए।अगर आप अपनी आंखों को हाइड्रेटेड बनाए रखना चाहते हैं तो इसके लिए सबसे अच्छा विकल्प है पलकों को झपकाना। यह एक तरह की एक्सरसाइज भी होती है। ऐसा करने से ना केवल हानिकारक कणों से छुटकारा मिलता है बल्कि थकान भी दूर हो जाती है। ऐसे में आप तेज गति से अपनी आंखों को झपकाएं। खास तौर पर यह

# नाश्ते में खाएं प्रोटीन से भरपूर ये 10 शाकाहारी चीजें, शरीर और दिमाग को मिलेगा किक स्टार्ट



एक नए एनर्जी के साथ बैलेंस करता है। नाश्ता समय पर और सही मात्रा में करने से पर शरीर के सभी सिस्टम चाहे वो मेटाबोलिक हो, पाचन तंत्र हो या सकुर्लेटरी सिस्टम, सभी को एक किक स्टार्ट मिलता है। इससे दिन भर इनका फंक्शन स्मूथ रहता है और शरीर स्वस्थ रहता है। पर आज हम ये जानेंगे कि हमारा नाश्ता प्रोटीन से भरपूर क्यों होना चाहिए प्रोटीन से भरपूर नाश्ताकरने से ये हमारी मांसपेशियों को एनर्जी पहुंचाता है।इससे मांसपेशियों के विकाम में मदद मिलती है। साथ ही प्रोटीन से भरपूर नाश्ता करने से ये हमें कैलोरी बर्न करने, हार्मोन को रेगुलेट करने, ब्लड ग्लूकोज और ब्लड प्रेशर को संतुलित करने में मदद करता है। इसी बारे में विस्तार से जानने के लिए हमने डायटिशियन शीला सहरावत, हेड डाइटिशन डाइट क्लिनिक से भी बात की, जिन्होंने हमें शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन से भरपूर नाश्ते के बारे में बताया और उनके फायदे से अवगत करवाया। डायटिशियन शीला सहरावत कहती हैं कि ऐसा देखा गया है कि भारत में बड़ी संख्या में व्यक्ति शाकाहारी भोजन का पालन करना पसंद करते हैं। जबकि ठेठ भारतीय आहार एक अत्यधिक पौष्टिक आहार है, लेकिन इनमें विटामिन बी -12 और प्रोटीन जैसे कुछ तत्वों की कमी हो जाती है। ऐसे में प्रोटीन की कमी के कारणउन्हें कई सारी परेशानियां होती हैं। जैसे कि -इम्यून सिस्टम कमजोर होना जिसके चलते व्यक्ति को इंफेक्शन हो सकता है। जोड़ों में दर्द बाल और नाखून का कमजोर हो जाना ब्लड शुगर कम रहना हीमाग्लोबिन की कमी -बीमार पड़ने पर जल्दी ठीक न होना। इसलिए जरूरी है हम और आप अपने खाने में प्रोटीन से भरपूर शाकाहारी चीजों को शामिल करें। इसके लिए कोशिश करें कि अपने खाने में आप इन चीजों को शामिल कर सकते हैं।

1 कप दही में 98 कैलोरी और 11 ग्राम प्रोटीन होता है। इस लिहाज से देखें, तो दही में दूध से ज्यादा प्रोटीन होता है, जो कि शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

साथ ही दही में गुड बैक्टीरिया होता है, जो कि शरीर के लिए कई मायने में फायदेमंद है। नाश्ते में दही खाने से हमारे आंतों को स्वास्थ रखता है और हमारी इम्यूनिटी बढ़ाता है। साथ ही ये गुड बैक्टीरिया आपको पेट की सामान्य समस्याओं और आंतों के कैंसर जैसे गंभीर मुद्दों से भी बचाता है। तो नाश्ते में दही खाएं और प्रोटीन के साथ शरीर को कैल्शियम, विटामिन सी और विटामिन-बी 12 आदि भी पहुंचाएं।

मानव शरीर के उचित विकास और मरम्मत के लिए प्रोटीन एक महत्वपूर्ण और आवश्यक तत्व है। पनीर भारत में प्रोटीन के मुख्य स्रोत में से एक है। प्रोटीन से भरपूर, नाश्ते के लिए पनीर खाने से आप लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करते।

# कोहरे के कारण जलपाईगुड़ी में भीषण सड़क हादसा, 13 लोगों की दर्दनाक मौत

**कोलकाता।** कोहरे का कारण हुए भीषण सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक कड़ाके की ठंड के बीच यह सड़क हादसा पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में हुआ है। मंगलवार-बुधवार की रात को हुए भीषण सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की भी आशंका है। जलपाईगुड़ी के धूपगुड़ी इलाके में गत रात्रि सड़क हादसे में कई लोग गंभीर घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक जलपाईगुड़ी के धूपगुड़ी में मंगलवार देर रात




एक डंपर यहां के मयनातली के रास्ते जा रहा था। तभी लो विजिबिलिटी के चलते डंपर ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर भी पलट गया और इसकी चपेट में आने 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए लोग किसी विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसे के तत्काल बाद पुलिस और राहत टीमों को मौके पर भेजा गया।घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि हादसे का शिकार हुए वाहनों में कितने लोग हताहत हुए हैं, अभी इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस घटना में मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। इधर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शुरूआती तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि हादसा भीषण कोहरे के कारण हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में मंगलवार देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। पीएम मोदी ने कहा, ह्वजलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में धूपगुड़ी में सड़क दुर्घटना बेहद भयानक है। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

# कोरोना वैक्सीन की दूसरी खेप इंडिगो फ्लाइट से भोपाल पहुंची



**भोपाल,** कोरोना वैक्सीन की दूसरी खेप बुधवार को इंडिगो की नियमित मुंबई उड़ान से भोपाल पहुंची। राजा भोज एयरपोर्ट पर उतारने के बाद वैक्सीन के बक्सों को डॉमेस्टिक कार्गो टर्मिनल पर जांच के लिए ले जाया गया। सुरक्षा जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस खेप को रीजनल ड्रग सेंटर पहुंचा दिया गया।इंडिगो की उड़ान संख्या ई-662 सुबह 11:15 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड हुई। एयरपोर्ट डायरेक्टर अनिल विक्रम एवं विमानतल सुरक्षा प्रभारी सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट मानसिंह की मौजूदगी में कोरोना वैक्सीन के बक्सों को विमान से उतारा गया। इसके बाद इन्हें तत्काल डॉमेस्टिक कार्गो सेंटर तक पहुंचाया गया।

# चीन में दिखा कोरोना का खौफनाक रूप, आइसक्रीम में मिला वायरस



**पटना।** बिहार विधान परिषद के प्रत्याशी बनते ही भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की चर्चा फिर मौजूं हो गई है। जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों पर मुखर रहने वाली भाजपा को जब कभी वाकपटु प्रवक्ताओं की जरूरत महसूस हुई तो अभिव्यक्ति की अपनी क्षमता के जरिए शाहनवाज अपेक्षा पर खरे उतरे। यही कारण है कि शाहनवाज की शख्सियत धीरे-धीरे बड़ी होती चली गई।

निर्विवाद छवि की वजह से 12 वर्षों से वे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने हुए हैं। पब्लिक फोरम पर पार्टी का पक्ष रखते समय उनका तार्किक संवाद विरोधियों को निरुत्तर कर देता है। कुछ इसी कला-कौशल और धैर्य के साथ उन्होंने गृहस्थी को भी संभाल रखा है।

एक ही आंगन में दो अलग-अलग मतों का ऐसा सम्मिलन परस्पर प्रेम के अतिरेक के कारण ही संभव है। हरियाणा के सोनीपत की रेणु शर्मा के साथ प्रेम का यह बीज उस दिल्ली में अंकुरित हुआ था, जिसके राजपथ पर विचरण की इच्छा हर राजनेता की होती है। शाहनवाज हुसैन उस दौर के भी एक प्रतिमान हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सानिध्य में काम करने का सौभाग्य पाने वाले वे बिहार के चुनिंदा नेताओं में से एक हैं।सुपौल के रहने वाले शाहनवाज की अटल बिहारी वाजपेयी से सन-1987 में पहली मुलाकात पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता आरिफ बेग ने कराई थी। उस मुलाकात को मुकम्मल मुकाम चार दिसंबर 1997 को मिला। उमा भारती के नेतृत्व में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक मुस्लिम सम्मेलन हुआ था। वाजपेयी के सामने भाषण देने का मौका शाहनवाज को मिला और यहीं से किस्मत चमकती चली गई।

महज वर्ष भर के अंदर 1998 में किशनगंज से सांसद प्रत्याशी बना दिए गए, लेकिन छह हजार वोटों से हार गए। पार्टी ने फिर भरोसा किया और 1999 में जीत मिली। 1999 में हिंदुस्तान के सबसे कम उम्र के कैबिनेट मंत्री बनाए गए।

## ये है बिहार की कॉकरोच-चूहा ट्रेन :

# छह दिन बाद होती साफ-सफाई, गंदगी में सफर करने को मजबूर हैं यात्री

**पटना।** पूर्व मध्य रेल की एक ट्रेन ऐसी है जिसकी साफ-सफाई तकरीबन एक हफ्ते में हो पाती है। ट्रेन का अगर नट-बोल्ट भी ढीला है तो उसे कोई देखने वाला कोई नहीं। हैरत यह है कि लंबी दूरी की ट्रेनों की साफ-सफाई व धुलाई का काम हर अंतिम स्टेशन पर ही रुकने के बाद करने का प्रावधान है। ट्रेन का प्राइमरी मेंटेनेंस भले न हो, सेकेंडरी मेंटेनेंस अनिवार्य है। फिर भी दानापुर मंडल के पाटलिपुत्र स्टेशन से खुलने वाली 02142 पाटलिपुत्र-कुर्ला एक्सप्रेस इसके लिए तरस रही है। रोज हजारों यात्री गंदगी में सफर करने को मजबूर हैं।दरअसल, कुर्ला से मेंटेनेंस के बाद इसे पाटलिपुत्र रवाना किया जाता है। पाटलिपुत्र से खुलने के बाद तीसरे दिन यह ट्रेन कुर्ला पहुंचती है। इस तरह छह दिन बाद




इसका दोबारा मेंटेनेंस किया जा रहा है। ट्रेन लोकमान्य टर्मिनल से रात 23.35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 6.20 बजे भुसावल होते हुए तीसरे दिन 3.50 बजे पाटलिपुत्र पहुंचती है। इस तरह लोकमान्य टर्मिनल में मेंटेनेंस के बाद यह खुलती है और तीसरे दिन पाटलिपुत्र पहुंचती है। चूंकि पाटलिपुत्र स्टेशन पर साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए यह ऐसे ही यहां से वापस हो जाती है।

पाटलिपुत्र स्टेशन पर वाशिंग पिट का निर्माण नहीं होने से ट्रेनों का मेंटेनेंस कार्य नहीं हो रहा है। ट्रेन जब पाटलिपुत्र पहुंचती है तो दो सफाई कर्मी कभी ट्रेन की बोगियों में झाड़ू लगाते हैं तो कभी नहीं। इस दौरान न तो इसके शौचालय की साफ-सफाई की जाती है

# कंगना रनोट ने रात की शिफ्ट को लेकर बोली ये बड़ी बात



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट सोशल मीडिया पर हमेशा बेबाकी से बोलने के लिए जानी जाती हैं। वह सामाजिक-राजनीति मुद्दों के अलावा बॉलीवुड में फैले नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) और मूवी माफिया पर भी खुलकर बोलती रहती हैं।

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट सोशल मीडिया पर हमेशा बेबाकी से बोलने के लिए जानी जाती हैं। वह सामाजिक-राजनीति मुद्दों के अलावा बॉलीवुड में फैले नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) और मूवी माफिया पर भी खुलकर बोलती रहती हैं। कंगना रनोट इन दिनों अपनी नई फिल्म धाकड़ की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच उन्होंने देर रात काम करने को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कंगान रनोट सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर बताया है कि एक कलाकार होने के नाते उन्हें देर रात की शिफ्ट काफी भयानक लगती हैं। कंगना रनोट ने अपने ट्वीट में लिखा, ह्यनेपोटिज्म और मूवी माफिया के बीच एक कलाकार होने के तौर पर सबसे भयानक चीज नाइट शिफ्ट में काम करना है। जब सूरज उग रहा होता है तब आप सोते हैं, आपका बॉडी क्लॉक और फूड साइकल बिगड़ जाता है।




वर्मा जी वकील से : मुझे अपनी पत्नी से तलाक चाहिए , वो पिछले 6 महीने से मुझसे बात नहीं कर रही
वकील : एक बार अच्छी तरह से सोच लो , ऐसी पत्नी बार बार नहीं मिलती

----------

पति हाथ पाँव छिलवाकर और एक आंख सुजवाकर घर आयाङ्ग
पत्नी ने घबराकर पति से पूछा : क्या हुआ ???
पति : कुछ नहीं, एक औरत स्कूटी से टक्कर मार के निकल गई
पत्नी : झ तो उसके स्कूटर का नंबर नोट किया, कौन थी ?? कुछ तो याद होगा
पति : झ नहीं, दर्द के कारण स्कूटर का रंग और नंबर तो नहीं देख पाया पर बहुत गोरी व सुनहरे बाल वाली थी उसने गहरे हरे रंग का सूट पहना था, गुलाबी कलर की चूड़ियां , गहरे लाल कलर की लिपस्टिक, कानों में हीरे की बालियां थी, हाथों में मेहंदी लगी थी और हाँ दायें गाल पे होठों के पास तिल भी था इतना बताते ही पतिदेव की दूसरी आंख भी सूज गयी ....

--------

एक सेल्समैन घर-घर जाकर किताबें बेचने का काम करता था उसने एक घर की डोरबेल बजाई तो एक महिला ने दरवाजा खोला।
सेल्समैनः मैडम मेरे पास एक किताब है, जिसमें पतियों के रात देर तक बाहर रहने के 500 बहाने बताये गए है, क्या आप इसे खरीदना चाहेंगी?

महिलाः आप को क्या लगता है कि मैं इस किताब को क्यों खरीदूं?
सेल्समैनः क्योंकि आज सुबह ही मैंने इस किताब कि एक प्रति आपके पति को बेचीं है।

# भारत का 10 सबसे सुंदर गांव अवश्य जाएँ



भारत-बांग्लादेश सीमा पर शिलांग से 90 किमी दूर स्थित, मावलिनोंग एशिया के सबसे स्वच्छ गांव के लिए प्रसिद्ध है। इस गाँव का दौरा करते समय ह क्लूीर्ु ी क्लर्र ह मन की ओर बढ़ जाता हैह, इसकी सुंदरता के लिए इस अंतर को एक महान अंतर से स्थानांतरित किया जाता है। भारत में यह एक आदर्श गांव के रूप है, क्योंकि वहां लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है, साक्षरता दर 100% है, केवल करीब 100 घरें हैं, और प्राकृतिक सौंदर्य मनमोहक है। एक बांस स्काई टॉवर गाँव और बांग्लादेश के साथ अच्छी तरह से सुंदर दृश्य प्रदान करता है।केरल के दक्षिणी हिस्से में त्रिवेंद्रम जिले में स्थित छोटा गांव एक पुराने ऐतिहासिक मूल्य के साथ-साथ सरल और लुभावना सौंदर्य भी है। त्रिवेंद्रम से केवल 30 किलोमीटर दूर होने के बावजूद, यह आमतौर पर दक्षिण भारत में यात्रा करने के लिए स्थानों के लोगों के सड़क में नहीं पाया जाता है, इसलिए यह एक चमत्कार बनाता है। उच्च ज्वार के दौरान, नैय्यर नदी अरब सागर में गुजरती है, और दृश्य की सुंदरता उसे एक सुंदर सौंदर्य देती है. पौराणिक श्री भद्रकाली देवी मंदिर गांव के करीब स्थित है। हिमालय की स्पीति घाटी में स्थित, ड्डी१ दुनिया का सबसे ऊंचा गांव है जो सड़कों से जुड़ा हुआ है। गांव में केवल 80 घर हैं, लेकिन वे अद्बितीय हैं कि इन सभी को पत्थर से बना है ,ईंटों की नहीं, जैसा कि उन क्षेत्रों में सामान्य मानता है। वनस्पति दुर्लभ है, लेकिन उच्च औषधीय मूल्य है. वहां एक ङ्गल्लं२ईा१८ है जो 1992 में स्थापित हुआ था। यह भारत के सबसे खूबसूरत गांवों में से एक है जहां से इसकी सुंदर पहाड़ों और बंजर भव्यता है। भारत का पहला विरासत गांव, प्रागपुर की स्थापना 16 वीं सदी के अंत में हुई थी। किले जैसे हवेली और विला और पत्थर की सड़कों पर न केवल अपने समृद्ध इतिहास और विरासत की यादें हैं, बल्कि इसके रहने वाले अवतार हैं। यह भारत में एक गांव का एक मणि बनाती है, जो हर साल कई पर्यटकों को आकर्षित करती है। गांव वास्तव में भारत की विरासत का एक सुंदर अभिव्यक्ति है हालांकि यह जगह गुफा नाग मंदिर के अलावा कई पर्यटकों के आकर्षण का दावा नहीं करती है, फिर भी यह एक विशाल सूर्योदय दृश्य के रूप में स्वर्ग की एक झलक दिखाती है,

# सीएम योगी के एक फैसले से रुक गए कई भ्रष्टाचार



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक फैसले ने विभागीय खरीदारी में हर साल सैकड़ों करोड़ के भ्रष्टाचार पर रोक लगा दी है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जेम पोर्टल लागू करने की व्यवस्था के आदेश अगस्त 2017 में ही दे दिए थे। इस बाबत एक शासनादेश जारी हुआ था, जिसमें कहा गया था कि शासकीय विभागों और उनके अधीनस्थ संस्थाओं में खरीदारी के लिए जेम की व्यवस्था अनिवार्य की गई है, जो उत्पाद या सेवाएं जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं, उनकी खरीदारी अनिवार्य रूप से जेम पोर्टल से ही की जाएगी।

इसका नतीजा यह हुआ कि विभिन्न विभागों ने प्रदेश में जेम पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2017-18 में 602 करोड़, वित्तीय वर्ष 2018-19 में 1674 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2019-20 में 2401 करोड़ रुपए की खरीदारी की, जो लगातार बढ़ते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 में माह दिसंबर तक कुल 25 सौ करोड़ की खरीदारी की गई है। इस प्रकार पौने चार साल में करीब 7177 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीदारी जेम पोर्टल से विभागों ने की है।

Excel Education

ADMISSION OPEN NOW

2021 – 22

Enhance your learning through practice of knowledge.

Avail the best opportunity for ECONOMICS & COMMERCE TUTIONS at your DOOR step for STD IXth , Xth , XIth & XIIth

- Chapter wise Theory to be explained with relevant examples.
- Applications based questions to be solved.
- Board format answers to be written.
- Training for the most likely questions for the boards.
- EXHAUSTIVE TEST SERIES in depth.

Grab the opportunity with best academic results at your door step.

9323919953

(COUNCIL BOARD PAPER CORRECTOR)

## नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

**विरार ।** विरार विरार शहर के पूर्व क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है।विरार पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कलम 376 व पोस्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच में जुटी है। उक्त घटना 15 जनवरी से 18 जनवरी के बीच हुई है।मिली जानकारी के अनुसार,13 वर्षीय नाबालिक लड़की विरार पूर्व इलाके में रहती है। बताया गया है कि,नाबालिक एक क्लासेस के सामने खेल रही थी। इसी बीच आरोपी ने अज्ञान पन का फायदा उठाकर नाबालिक का हाथ पकड़कर उसे क्लास के अंदर ले जाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। यहां तक आरोपी ने नाबालिक को धमकी देते हुए कहा कि,किसी को उक्त घटना के बारे में मत बताना।

## ट्रासफार्मर से ऑईल व मोबाईल दुकान मे चोरी

नालासोपारा : अलग - अलग स्थानों से अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। तुलिंज पुलिस थानांतर्गत बिलालपाडा नाका और अलकापुरी,नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य वितरण कंपनी की अज्ञात चोर द्वारा ट्रासफार्मर से ऑईल व एक मोबाईल की दुकान से विभिन्न कंपनियों के मोबाईल चोरी कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, महावितरण कंपनी के सहायक अभियंता किरण माने ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया है कि,अज्ञात चोर ने बिलालपाडा नाका स्थित से ट्रांसफार्मर से 800 लीटर ऑईल (कीमत - 28,000 रुपये ) चोरी की है। वही अलकापुरी क्षेत्र में अर्जुन कुमार रामायण प्रसाद (23) की प्लनेट मोबाईल नामक दुकान से अज्ञात चोर द्वारा विभिन्न प्रकार के मोबाईल कुल कीमत 12,456 रुपये का माल चोरी कर फरार हो गए।

TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof

Best business opportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

Opening Shortly
SHANKESHWAR Jewellers

We Buy Old GOLD, SILVER, DIAMOND JEWELLERY & WATCHES AT HIGHEST PRICES

WE SALE ALL TYPE OF STONE WITH FINGER RINGS

CORAL | DIAMOND | PEARL | EMERALD
PEARL | RUBY | TOPAZ | CATEYE
BLUE SAPPHIRE | GARNET

GAUTAM D JAIN 9820914731
SHAILESH D JAIN 9819755005

Shop No. 4, Himgiri, Apna Ghar Unit No.8, OPP.Food Inn Hotel, Lokhandwala Complex, Andheri(W),Mumbai-53

## दो जगहों पर मारपीट,8 लोगो पर मामला दर्ज




वसई : वसई तालुका के अलग - अलग पुलिस स्टेशन अंतर्गत दो क्षेत्रो में मालूम वाद -विवाद में मारपीट होने की घटना सामने आई है। जिसमे पुलिस ने कुल 8 लोगो पर मामला दर्ज किया गया। पहली घटना,विरार पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में बताया गया है कि,19 जनवरी को आरोपी राजा खान,सोन खान,सोनु खान और रियाज खान द्वारा बिना कारण के सुरेखा के लड़के रेहाना को क्रिकेट बैट से मार-पीटा,जिसमे रेहान जख्मी हो गया।

सुरेखा की शिकायत पर विरार पुलिस ने उक्त चारो आरोपियों के ऊपर मामला दर्ज कर लिया है।

Mahindra

SAFETY FIRST

CLEAR VISION IS A MUST FOR DRIVING.

SKY AUTOMOBILE

Take Care Of Your Eyes Initiative

Get 10% off on your first purchase / abc abc abc / abc

ONLY AT ICON OPTICAL GALLERY

Shop no.52, R.N.A Arcade Lokhandwala Complex, Andheri (West) Mumbai-400053

** EXCLUSIVE OFFER ONLY FOR SKY AUTOMOBILE MAHINDRA CUSTOMERS

*FOR MORE DETAILS CALL 730 454 9422

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई – 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net